रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3325] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अक्तूबर 10, 2019/आश्विन 18, 1941
No. 3325] NEW DELHI, THURSDAY, OCTOBER 10, 2019/ASVINA 18, 1941

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 अक्तूबर, 2019

का.आ. 3655(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1652 (अ) तारीख 16 अप्रैल, 2018 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनको उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, उक्त अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर, आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को 17 अप्रैल, 2018 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई भी आक्षेप और सुझाव प्राप्त नहीं हुए;

और, उत्तर प्रदेश के महोबा जिला में स्थित विजय सागर पक्षी अभयारण्य 2.622 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है;

और, विजय सागर पक्षी अभयारण्य, विशिष्ट पारिस्थितिकी-प्रणाली का प्रतिनिधित्व करता है और यह चित्तीदार लकड़बग्घा *(हैना हैना)*, भारतीय लोमड़ी *(वुल्प्स बेंगलेंसिस)*, सियार *(कैनिस ऑरियस)*, नीलगाय *(बोसेलाफुस ट्रागोकेमेलुस)*, और पक्षियों जैसे पोचार्ड *(नेट्टा रूफिना)*, बराहमी बत्तख *(रूडुय सेल्दुक)*, व्हिस्टलिंग **टील** *(डेंड्रोसगना अर्बोरिआ)*, पिंटेल ***(अनास अकुटा)***, कोम्ब बतख ***(सरकिडिओर्निश मेलानोटोस)***, गूस ***(अंसर स्प.)***, पेंटेड स्ट्रोक ***(मयक्टेरीया लेयकोकेफला)***, सफेद इबीस ***(थ्रेसकीऑनिस स्प)***, बगुला ***(बुबुल्कुस स्प)***, किंगफिशर ***(पेलर्गोपसीस स्प)***, बुलबुल ***(पिक्नोनटस स्प)***, मुनीया ***(लोंचुरा स्प.)***, लपविग ***(वनेल्लुस इंडीकुस)***, सामान्य कूट ***(फलीसा अटरा)***, ओपन बिल्लेड स्ट्रोक ***(अनासटोमुस ओसीटांस)***, स्पों बिल्ल ***(कलीडरीस पयगमइआ)***, सारस ***(गरूस गरूस)***, आदि के खुले पर्यावास के लिए जाना जाता है;

और, विजय सागर पक्षी अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योग या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इसमे इसके पश्चात् पर्यावरण अधिनियम कहाँ गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) एवं उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महोबा जिले के उत्तर प्रदेश राज्य में विजय सागर पक्षी अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 1 (एक) किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को विजय सागर पक्षी अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमाएं**—(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विजय सागर पक्षी अभयारण्य की सीमा से 1 (एक) किलोमीटर समान रूप से विस्तृत है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 4.0532 वर्ग किलोमीटर है।

(2) विजय सागर पक्षी अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध I** के रुप में उपाबद्ध है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विजय सागर पक्षी अभयारण्य का मानचित्र **उपाबंध-IIक** और **उपाबंध-IIख** के रूप में उपाबद्ध हैं।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और विजय सागर पक्षी अभयारण्य की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध-III** के सारणी **क** और सारणी **ख** में दी गई है ।

(5) प्रमुख बिंदुओं के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध IV** के रूप में उपाबदध् हैं ।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए, राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए, राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ एक आंचलिक महायोजना बनायेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से तथा प्रासंगिक केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार बनायी जाएगी ।

(3) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को शामिल करने के लिए इसे राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से बनाया जाएगा, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज;

(xi) उत्तर प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड; और

(xii) लोक निर्माण विभाग ।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हें अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों की बहाली, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा का निर्धारण किया जाएगा तथा सहायक मानचित्र भी दिया जाएगा। इस महायोजना में विद्यमान और प्रस्तावित भू- उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा देने वाले मानचित्र भी दिए जाएंगे।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होने वाले विकास का विनियमन किया जाएगा और सारणी 4 में यथासूचीबद्ध प्रतिषिद्ध एवं विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा। इसमे स्थानीय जनता की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चय एवं संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) अनुमोदित आंचलिक महायोजना, निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.**– (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा:

परन्तु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क), में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथा लागू केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग तथा पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, स्थानीय सुख-सुविधाएं तथा ग्रह वास; और

(v) बढ़ावा दिए गए और पैरा-4 में उल्लिखित क्रियाकलाप:

परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा;

(ख) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण तथा पर्यावासों और जैव- विविधता की बहाली के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत.**- आंचलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों के आवाह क्षेत्रों की पहचान करके उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा करके इस रीति से बनाए जाऐंगे कि उसमें इन क्षेत्रों या इनके आसपास के क्षेत्रों के लिए हानिकारक विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध किया गया हो।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिकी पर्यटन.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन सम्बंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुज्ञात होगा ।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभागों के परामर्श से पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी ।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो किसी होटल या ,रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा:

तथापि, पारिस्थितिकी-पर्यटन सुविधाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजॉर्ट की स्थापना अनुज्ञात होगी;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए होटल, रिजार्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(4) **प्राकृतिक विरासत.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति- क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.**– पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए विनियमों को कार्यान्वित करेगा।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -.पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण साधारण मानकों के अन्तर्गत पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों जो भी अधिक कठोर हो के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357 (अ), दिनांक 8 अप्रैल, 2016 के अधीन प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों (ई एस एम) का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि. 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के अधीन प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय- समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **सड़क-यातायात.-** वाहन-यातायात का संचलन आवास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे तथा आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किए जाने तक, मानीटरी समिति प्रासंगिक अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार वाहनों की आवाजाही के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण.-** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन के प्रयोग के प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (i) सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को या उसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए प्रदूषणकारी उद्योग की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी।

(ii) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञात होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:—

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

(ख) जिन ढ़लानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन अधिसूचना, 2011 एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 सहित उसके अधीन बने नियमों और वन (संरक्षण) अधिनयम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सहित अन्य लागू नियमों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:—

सारणी

क्र. सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां ।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी । (ख) खनन प्रचालन, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त ,2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल ,2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालन होगा ।

2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि), उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुमति नहीं होगी: जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो ,पारिस्थितिकी संवेदी जोन में फरवरी 2016 ,में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर -प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
3.	बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नई अथवा विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
8.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
9.	होटलों और रिजॉर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टो की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी: परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।
10.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी भी नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु, स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी। परन्तु यह कि गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों ,यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ख) एक किलोमीटर से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।

11.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग तथा अपरिसंकटमय लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, बागबानी या कृषि आधारित उद्योग, जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से उत्पाद बनाते हैं, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
12.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकार भूमि या राजस्व भूमि या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई की अनुज्ञा नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियमों और उनके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
13.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रह ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
14.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा (भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा)।
15.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे की व्यवस्था।	यह व्यवस्था लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ की जाएगी।
16.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण करना।	यह व्यवस्था लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ की जाएगी।
17.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उडाना आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
18.	पर्वतीय ढ़लानों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
19.	रात्रि में सड़क यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा ।
20.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
21.	फर्मों, कारपोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अनुसार विनियमित (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होगा।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
23.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक प्रयोग एवं निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
24.	कृषि या अन्य उपयोग के लिए खुले कुएं या बोर कुएं आदि का निर्माण ।	समुचित प्राधिकारी द्वारा विनियमित किया जाएगा तथा क्रियाकलाप की सख्त निगरानी की जाएगी।
25.	ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।

India Code

26.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
27.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
28.	पोलिथीन बैगों का प्रयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
29.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
30.	वर्षा जल संचय।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
31.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
32.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
33.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
36.	बागान लगाना और औषधीय पौधों का रोपण।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	पारिस्थितिकी अनुकूल यातायात का प्रयोग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
38.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
40.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन अधिसूचना की मानीटरी के लिए मानीटरी समिति.- प्रभावी मानीटरी के लिए प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा, एक मानीटरी समिति का इस अधिसूचना के अंतर्गत गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:—

क्र.सं .	**मानीटरी समिति का गठन**	**पद**
1.	जिला मजिस्ट्रेट, महोबा	अध्यक्ष, पदेन;
2.	पुलिस अधीक्षक या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, महोबा	सदस्य;
3.	गैर-सरकारी संगठनों का एक प्रतिनिधि, (विरासत संरक्षण सहित पर्यावरण के क्षेत्र में सक्रिय) जिसे राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जायेगा	सदस्य;
4.	लोक निर्माण विभाग का कार्यकारी अभियंता, महोबा	सदस्य;
5.	सिंचाई विभाग का कार्यकारी अभियंता, महोबा	सदस्य;
6.	जिला कृषि अधिकारी, महोबा	सदस्य;
7.	महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, महोबा	सदस्य;

8.	क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	सदस्य;
9.	संभागीय वन अधिकारी, कैंमूर वन्यजीव अभयारण्य, मिर्जापुर	सदस्य सचिव;

6.विचारार्थ विषय:- (1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुनर्गठन किए जाने तक होगा और इसके बाद निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त या संबंधित उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित पक्षों को, प्रत्येक मामले मे आवश्यकता के अनुसार, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, **उपाबंध V** में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा.सं. 25/52/2017-ईएसजेड]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध-I

उत्तर प्रदेश राज्य में विजय सागर पक्षी अभयारण्य, महोबा जिला के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

उत्तर: पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा सांई कॉलेज के निकट उत्तर दिशा में (बिंदु सं-1) उ25⁰18' 16.80" पू 079⁰54' 43.90" से आरंभ होती है; जो कि कानपुर-सागर सड़क से लगभग 300 मीटर है इसके बाद यह (बिंदु-2) उ 25⁰18' 15.30" पू 079⁰54' 47.10", की ओर जाती है, जो कि पसवारा लिंक मार्ग से 50 मीटर दूर है।

पूर्व: पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा हनुमान मंदिर के निकट पूर्व दिशा में (बिंदु-3) उ 25⁰18' 14.30" पू 079⁰54' 55.50" से आरंभ होती है, जो कि किदारी ग्राम से 3 किलोमीटर दूर है और यह (बिंदु-4) उ 25⁰18' 08.80"पू 079⁰54' 59.60", तक जाती है; जो कि वन्यजीव गार्ड वन चौकी से 40 मीटर दूर है, इसके बाद (बिंदु-5) उ 25⁰17' 56.30" पू 079⁰55' 29.50", जाती है, जो कि महोबा वन संभाग के आरक्षित वन के निकट है, जहां 5 किलोमीटर की दूरी में ग्राम पसवारा निकटवर्ती है, इसके बाद यह (बिंदु-6) उ 25⁰17' 49.00" पू 079⁰55' 20.70", जाती है, इस बिंदु से दमोरा ग्राम की दूरी चारों ओर 8 किलोमीटर है।


दक्षिण: पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा दक्षिण दिशा में (बिंदु-7) उ 25⁰16' 58.10" पू 079⁰54' 58.50", से आरंभ होती है, जहां से शाह पहारी ग्राम की दूरी 1.5 किलोमीटर है, इसके बाद यह (बिंदु-8) उ 25⁰16' 53.70" पू 079⁰54' 52.70" बीजा नगर ग्राम की ओर जाती है, इसके बाद यह (बिंदु-9) उ 25⁰17' 17.50" पू 079⁰54' 07.80", जाती है, जो कि महोबा-बीजा नगर सड़क से 50 मीटर दूर है।

पश्चिम: पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा पश्चिम दिशा में (बिंदु-9) से आरंभ होकर (बिंदु-10) उ 25⁰17' 58.00" पू 079⁰54' 16.10", की ओर मुड़ती है, जो कि महोबा जिला के विकास भवन से 500 मीटर दूर है और महोबा जिला के पुलिस अधीक्षक आवास से 300 मीटर दूर है, इसके बाद यह (बिंदु-11) उ 25⁰18' 02.70" पू 079⁰54' 26.60", जाती है, जो कि कंशी राम आवासीय कॉलोनी से और कानपुर- सागर सड़क के निकट 300 मीटर दूर है।

IndiaCode

उपाबंध-IIक

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ विजय सागर पक्षी अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



Protected Area


Sln	Latitude	Longitude	Sln	Latitude	Longitude
1	N25° 17' 54.2"	E79° 55' 23.5"	16	N25° 16' 52.2"	E79° 54' 23.3"
2	N25° 17' 48.6"	E79° 55' 22.5"	17	N25° 16' 56.9"	E79° 54' 16.9"
3	N25° 17' 46.3"	E79° 55' 12.5"	18	N25° 17' 8.9"	E79° 54' 20.7"
4	N25° 17' 41.1"	E79° 55' 6.0"	19	N25° 17' 6.7"	E79° 54' 13.8"
5	N25° 17' 36.1"	E79° 55' 7.1"	20	N25° 17' 10.9"	E79° 54' 14.7"
6	N25° 17' 20.4"	E79° 55' 5.6"	21	N25° 17' 23.3"	E79° 54' 4.6"
7	N25° 17' 11.0"	E79° 54' 55.7"	22	N25° 17' 29.9"	E79° 54' 5.0"
8	N25° 17' 3.0"	E79° 54' 55.6"	23	N25° 17' 53.0"	E79° 54' 17.4"
9	N25° 17' 9.3"	E79° 54' 46.1"	24	N25° 17' 54.7"	E79° 54' 3.1"
10	N25° 17' 9.9"	E79° 54' 41.7"	25	N25° 18' 7.1"	E79° 54' 28.0"
11	N25° 17' 9.0"	E79° 54' 30.9"	26	N25° 18' 10.8"	E79° 54' 48.4"
12	N25° 16' 54.8"	E79° 54' 44.3"	27	N25° 18' 11.3"	E79° 54' 55.0"
13	N25° 16' 52.1"	E79° 54' 42.0"	28	N25° 18' 9.1"	E79° 55' 1.1"
14	N25° 16' 57.9"	E79° 54' 33.8"	29	N25° 18' 16.5"	E79° 55' 10.1"
15	N25° 17' 0.1"	E79° 54' 25.4"	30	N25° 18' 2.0"	E79° 55' 28.5"

Eco-Sensitive Zone

Sln	Latitude	Longitude	Sln	Latitude	Longitude
1	N25° 18' 8.4"	E79° 53' 30.3"	16	N25° 16' 57.2"	E79° 55' 33.6"
2	N25° 18' 23.4"	E79° 53' 42.2"	17	N25° 16' 41.6"	E79° 55' 22.5"
3	N25° 18' 33.7"	E79° 54' 2.6"	18	N25° 16' 26.7"	E79° 55' 15.0"
4	N25° 18' 38.9"	E79° 54' 20.8"	19	N25° 16' 16.8"	E79° 55' 1.9"
5	N25° 18' 44.3"	E79° 54' 30.9"	20	N25° 16' 13.3"	E79° 54' 43.4"
6	N25° 18' 48.8"	E79° 54' 48.7"	21	N25° 16' 18.7"	E79° 54' 25.3"
7	N25° 18' 48.4"	E79° 55' 2.8"	22	N25° 16' 22.8"	E79° 54' 4.6"
8	N25° 18' 45.8"	E79° 55' 25.6"	23	N25° 16' 33.0"	E79° 53' 52.4"
9	N25° 18' 36.7"	E79° 55' 40.0"	24	N25° 16' 46.7"	E79° 53' 42.6"
10	N25° 18' 26.7"	E79° 55' 53.2"	25	N25° 17' 3.5"	E79° 53' 34.2"
11	N25° 18' 14.7"	E79° 56' 4.3"	26	N25° 17' 21.7"	E79° 53' 28.1"
12	N25° 17' 54.0"	E79° 56' 7.5"	27	N25° 17' 34.0"	E79° 53' 29.6"
13	N25° 17' 36.8"	E79° 56' 0.4"	28	N25° 17' 44.0"	E79° 53' 29.3"
14	N25° 17' 27.9"	E79° 55' 55.4"			
15	N25° 17' 13.4"	E79° 55' 47.3"			

उपाबंध-IIख

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ भूमि उपयोग का दर्शाने वाले विजय सागर पक्षी अभयारण्य के पारिस्थिति की संवेदी जोन का मानचित्र



Protected Area

Sln	Latitude	Longitude	Sln	Latitude	Longitude
1	N25° 17' 54.2"	E79° 55' 23.5"	16	N25° 16' 52.2"	E79° 54' 23.3"
2	N25° 17' 48.6"	E79° 55' 22.5"	17	N25° 16' 56.9"	E79° 54' 16.9"
3	N25° 17' 46.3"	E79° 55' 12.5"	18	N25° 17' 8.9"	E79° 54' 20.7"
4	N25° 17' 41.1"	E79° 55' 6.0"	19	N25° 17' 6.7"	E79° 54' 13.8"
5	N25° 17' 36.1"	E79° 55' 7.1"	20	N25° 17' 10.9"	E79° 54' 14.7"
6	N25° 17' 20.4"	E79° 55' 5.6"	21	N25° 17' 23.3"	E79° 54' 4.6"
7	N25° 17' 11.0"	E79° 54' 55.7"	22	N25° 17' 29.9"	E79° 54' 5.0"
8	N25° 17' 3.0"	E79° 54' 55.6"	23	N25° 17' 53.0"	E79° 54' 17.4"
9	N25° 17' 9.3"	E79° 54' 46.1"	24	N25° 17' 54.7"	E79° 54' 3.1"
10	N25° 17' 9.9"	E79° 54' 41.7"	25	N25° 18' 7.1"	E79° 54' 28.0"
11	N25° 17' 9.0"	E79° 54' 30.9"	26	N25° 18' 10.8"	E79° 54' 48.4"
12	N25° 16' 54.8"	E79° 54' 44.3"	27	N25° 18' 11.3"	E79° 54' 55.0"
13	N25° 16' 52.1"	E79° 54' 42.0"	28	N25° 18' 9.1"	E79° 55' 1.1"
14	N25° 16' 57.9"	E79° 54' 33.8"	29	N25° 18' 16.5"	E79° 55' 10.1"
15	N25° 17' 0.1"	E79° 54' 25.4"	30	N25° 18' 2.0"	E79° 55' 28.5"

Eco-Sensitive Zone

Sln	Latitude	Longitude	Sln	Latitude	Longitude
1	N25° 18' 8.4"	E79° 53' 30.3"	16	N25° 16' 57.2"	E79° 55' 33.6"
2	N25° 18' 23.4"	E79° 53' 42.2"	17	N25° 16' 41.6"	E79° 55' 22.5"
3	N25° 18' 33.7"	E79° 54' 2.6"	18	N25° 16' 26.7"	E79° 55' 15.0"
4	N25° 18' 38.9"	E79° 54' 20.8"	19	N25° 16' 16.8"	E79° 55' 1.9"
5	N25° 18' 44.3"	E79° 54' 30.9"	20	N25° 16' 13.3"	E79° 54' 43.4"
6	N25° 18' 48.8"	E79° 54' 48.7"	21	N25° 16' 18.7"	E79° 54' 25.3"
7	N25° 18' 48.4"	E79° 55' 2.8"	22	N25° 16' 22.8"	E79° 54' 4.6"
8	N25° 18' 45.8"	E79° 55' 25.6"	23	N25° 16' 33.0"	E79° 53' 52.4"
9	N25° 18' 36.7"	E79° 55' 40.0"	24	N25° 16' 46.7"	E79° 53' 42.6"
10	N25° 18' 26.7"	E79° 55' 53.2"	25	N25° 17' 3.5"	E79° 53' 34.2"
11	N25° 18' 14.7"	E79° 56' 4.3"	26	N25° 17' 21.7"	E79° 53' 28.1"
12	N25° 17' 54.0"	E79° 56' 7.5"	27	N25° 17' 34.0"	E79° 53' 29.6"
13	N25° 17' 36.8"	E79° 56' 0.4"	28	N25° 17' 44.0"	E79° 53' 29.3"
14	N25° 17' 27.9"	E79° 55' 55.4"			
15	N25° 17' 13.4"	E79° 55' 47.3"			

उपाबंध-III

सारणी क: विजय सागर पक्षी अभयारण्य के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

संरक्षित क्षेत्र		
क्र. सं.	**अक्षांश**	**देशांतर**
1.	उ 25° 17' 54.2"	पू 79° 55' 23.5"
2.	उ 25° 17' 48.6"	पू 79° 55' 22.5"
3.	उ 25° 17' 46.3"	पू 79° 55' 12.5"
4.	उ 25° 17' 41.1"	पू 79° 55' 6.0"
5.	उ 25° 17' 36.1"	पू 79° 55' 7.1"
6.	उ 25° 17' 20.4"	पू 79° 55' 5.6"
7.	उ 25° 17' 11.0"	पू 79° 54' 55.7"
8.	उ 25° 17' 3.0"	पू 79° 54' 55.6"
9.	उ 25° 17' 9.3"	पू 79° 54' 46.1"
10.	उ 25° 17' 9.9"	पू 79° 54' 41.7"
11.	उ 25° 17' 9.0"	पू 79° 54' 30.9"
12.	उ 25° 16' 54.8"	पू 79° 54' 44.3"
13.	उ 25° 16' 52.1"	पू 79° 54' 42.0"
14.	उ 25° 16' 57.9"	पू 79° 54' 33.8"
15.	उ 25° 17' 0.1"	पू 79° 54' 25.4"
16.	उ 25° 16' 52.2"	पू 79° 54' 23.3"
17.	उ 25° 16' 56.9"	पू 79° 54' 16.9"
18.	उ 25° 17' 8.9"	पू 79° 54' 20.7"
19.	उ 25° 17' 6.7"	पू 79° 54' 13.8"
20.	उ 25° 17' 10.9"	पू 79° 54' 14.7"
21.	उ 25° 17' 23.3"	पू 79° 54' 4.6"
22.	उ 25° 17' 29.9"	पू 79° 54' 5.0"
23.	उ 25° 17' 53.0"	पू 79° 54' 17.4"
24.	उ 25° 17' 54.7"	पू 79° 54' 3.1"
25.	उ 25° 18' 7.1"	पू 79° 54' 28.0"
26.	उ 25° 18' 10.8"	पू 79° 54' 48.4"
27.	उ 25° 18' 11.3"	पू 79° 54' 55.0"
28.	उ 25° 18' 9.1"	पू 79° 55' 1.1"
29.	उ 25° 18' 16.5"	पू 79° 55' 10.1"
30.	उ 25° 18' 2.0"	पू 79° 55' 28.5"

indiacode

सारणी ख: विजय सागर पक्षी अभयारण्य के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

पारिस्थितिकी संवेदी जोन		
क्र.सं.	**अक्षांश**	**देशांतर**
1.	उ 25° 18' 8.4"	पू 79° 53' 30.3"
2.	उ 25° 18' 23.4"	पू 79° 53' 42.2"
3.	उ 25° 18' 33.7"	पू 79° 54' 2.6"
4.	उ 25° 18' 38.9"	पू 79° 54' 20.8"
5.	उ 25° 18' 44.3"	पू 79° 54' 30.9"
6.	उ 25° 18' 48.8"	पू 79° 54' 48.7"
7.	उ 25° 18' 48.4"	पू 79° 55' 2.8"
8.	उ 25° 18' 45.8"	पू 79° 55' 25.6"
9.	उ 25° 18' 36.7"	पू 79° 55' 40.0"
10.	उ 25° 18' 26.7"	पू 79° 55' 53.2"
11.	उ 25° 18' 14.7"	पू 79° 56' 4.3"
12.	उ 25° 17' 54.0"	पू 79° 56' 7.5"
13.	उ 25° 17' 36.8"	पू 79° 56' 0.4"
14.	उ 25° 17' 27.9"	पू 79° 55' 55.4"
15.	उ 25° 17' 13.4"	पू 79° 55' 47.3"
16.	उ 25° 16' 57.2"	पू 79° 55' 33.6"
17.	उ 25° 16' 41.6"	पू 79° 55' 22.5"
18.	उ 25° 16' 26.7"	पू 79° 55' 15.0"
19.	उ 25° 16' 16.8"	पू 79° 55' 1.9"
20.	उ 25° 16' 13.3"	पू 79° 54' 43.4"
21.	उ 25° 16' 18.7"	पू 79° 54' 25.3"
22.	उ 25° 16' 22.8"	पू 79° 54' 4.6"
23.	उ 25° 16' 33.0"	पू 79° 53' 52.4"
24.	उ 25° 16' 46.7"	पू 79° 53' 42.6"
25.	उ 25° 17' 3.5"	पू 79° 53' 34.2"
26.	उ 25° 17' 21.7"	पू 79° 53' 28.1"
27.	उ 25° 17' 34.0"	पू 79° 53' 29.6"
28.	उ 25° 17' 44.0"	पू 79° 53' 29.3"

indiacode

उपाबंध-IV

भू-निर्देशांकों के साथ विजय सागर पक्षी अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

ग्रामों के नाम	अक्षांश	देशांतर
महोबा (एमबी)	उ 25° 17' 37.2"	पू79°53' 39.0"
बिजाइनागर	उ 25° 17' 7.1"	पू 79°54' 41.8"

उपाबंध-V

की गई कार्रवाई सम्बन्धी रिपोर्ट का प्रपत्र.—

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : (कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत को एक पृथक उपाबंध में प्रस्तुत करें) ।
3. पर्यटन महायोजना सहित आंचलिक महायोजना की तैयारी की स्थिति ।
4. भू-अभिलेखों की स्पष्ट त्रुटियों के सुधार के लिए निबटाए गए मामलों का सार (पारिस्थितिकी संवेदी जोन वार)। विवरण उपाबंध के रुप में संलग्न करें।
5. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार । (विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें) ।
6. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार । (विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें) ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण मामला ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 10th October, 2019

S.O. 3655(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, *vide* notification of the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O.1652 (E), dated the 16th April, 2018, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said draft notification were made available to the public on the 17th April, 2018;

AND WHEREAS, no objections and suggestions were received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, Vijay Sagar Bird Sanctuary is situated in District Mahoba of Uttar Pradesh and spreading over an area of 2.622 square kilometer;

AND WHEREAS, Vijay Sagar Bird Sanctuary represents typical ecosystem and is known for its open habitat of Hyena (*Hyaena hyaena*), Indian fox (*Vulpes bengalensis*), jackal (*Canis aureus*), neelgai (*Boselaphus tragocamelus*)

and birds such as red crested pochard (*Netta rufina*) , brahmi duck (*Ruddy shelduck*), whistling teal (*Dendrocygna arborea*), pintail (*Anas acuta*), comb duck (*Sarkidiornis melanotos*), goose (*Anser sp.*), painted stork (*Mycteria leucocephala*), white ibis (*Threskiornis sp.*), egret (*Bubulcus sp.*), kingfisher (*Pelargopsis sp.*), bulbul (*Pycnonotus sp.),* munia (*Lonchura sp.*), lapwing (*Vanellus indicus*), common coot (*Fulica atra*), open billed stork (*Anastomus oscitans*), spoon bill (*Calidris pygmaea*), crane (*Grus grus*), etc;

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area, the extent and boundaries of Vijay Sagar Bird Sanctuary which are specified in paragraph 1 as Eco-sensitive Zone from ecological, environmental and biodiversity point of view and to prohibit industries or class of industries and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) and clauses (v) and (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) (hereafter in this notification referred to as the Environment Act) read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby notifies an area to an extent of 1 (one) kilometre uniform around the boundary of Vijay Sagar Bird Sanctuary, in Mahoba District in the State of Uttar Pradesh as Vijay Sagar Bird Sanctuary the Eco-sensitive Zone (hereafter in this notification referred to as the Eco-sensitive Zone) details of which are as under, namely:—

1. **Extent and boundaries of Eco-Sensitive Zone. –** (1) The Eco-Sensitive Zone shall be to an extent of 1 (one) kilometre uniform around the boundary of Vijay Sagar Bird Sanctuary and the area of the Eco-Sensitive Zone is 4.0532 square kilometres.

   (2) The boundary description of Vijay Sagar Bird Sanctuary and its Eco-Sensitive Zone is appended in **Annexure-I.**

